उद्यमिता एवं नवाचार बढ़ानें के लिए सीएसजेएमयू की एक और पहल

▸ ईडीआईआई गांधीनगर के स्टार्टअप ओरिएंटेशन में शामिल हुए शिक्षक

डीटीएनएन

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर के छह सदस्यों का एक दल ईडीआईआई, गांधीनगर द्वारा आयोजित एक स्टार्टअप ओरिएंटेशन में शामिल हुआ। भविष्य में नवाचार एवं उद्यमिता के नए अवसर तैयार करने की बुनियाद पर हुए इस स्टार्टअप ओरिएंटेशन का उद्देश्य उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना रहा पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्टार्टअप, उद्यमिता एवं नवाचार के विकास पर विभिन्न चर्चाएं आयोजित की गई। जहां पर स्टार्टअप के लिए तकनीक के उपयोग, विविध फंडिंग स्कीमो के विषय में वृहत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही स्टार्टअप एको सिस्टम विकसित करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। छत्रपति शाहू जी महाराज इन्नोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल के सदस्य डॉ. शिल्पा कायस्थ देशपांडे, डॉ एकता खरे, डॉ प्रभात द्विवेदी, डॉ शिवेंदु रंजन, डॉ प्रशांत त्रिवेदी, डॉ. श्रीहर्षा ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

प्राचीन गौरव पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी

सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि कानपुर को अपनी पुरानी पहचान पाने के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के एको सिस्टम का विकास पूरे प्रदेश में उद्यमिता विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसी क्रम में विवि में इन्नोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है।

प्रो पाठक ने कहा विवि के द्वारा कानपुर के ग्रामीण अंचलों में कृषि और एग्रोटेक के स्टार्टअप के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमी एवं उद्यमियों को ज्ञान तकनीकी ज्ञान, आईपीआर, मार्केटिंग आदि में पूर्ण सहयोग देकर एक सहज व स्टार्टअप के अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाएगा। ईडीआईआई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में सीएसजेएमयू के अतिरिक्त प्रदेश के तीन अन्य विश्वविद्यालयों के 14 आचार्यों ने प्रतिभाग किया।